दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स
PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 अंक : 76 जयपुर, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 प्रभात संस्करण मूल्य: 2 रु. कुल पृष्ठ : 4

आंध्र प्रदेश स्वाभिमान और संस्कृति की धरती है, साथ ही यह विज्ञान और नवाचार का केंद्र भी है: प्रधानमंत्री

## आज देश में मल्टी-मॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है, हम गांवों से शहरों तक और शहरों से बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी पर जोर दे रहे हैं : मोदी

- मेरा सौभाग्य है कि मेरा जन्म दादा सोमनाथ की धरती गुजरात में हुआ, बाबा विश्वनाथ की धरती काशी की सेवा का अवसर मिला, आज शैलम का आशीर्वाद मिल रहा है: प्रधानमंत्री
- मुझे शिवाजी स्पूर्ति केंद्र जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन करता हूं: प्रधानमंत्री
- आज, क्लीन एनर्जी से लेकर देश के कुल ऊर्जा उत्पादन तक, भारत हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रहा है: प्रधानमंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के कुरनूल में लगभग 13,430 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने अहोबिलम के भगवान नरसिंह स्वामी और महानंदी के महानंदीश्वर स्वामी की वंदना की। उन्होंने मंत्रालयम के गुरु राघवेंद्र स्वामी से सभी की भलाई के लिए आशीर्वाद भी मांगा। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम - सौराष्ट्रे सोमनाथं च शैल मल्लिकार्जुनम् का एक श्लोक का जाप करते हुए, मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बारह ज्योतिर्लिंगों में, भगवान सोमनाथ और भगवान मल्लिकार्जुन का नाम आरंभ में एक साथ आता है। मोदी ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मेरा जन्म दादा सोमनाथ की पावन धरती गुजरात में हुआ, बाबा विश्वनाथ की धरती काशी की सेवा का अवसर मिला और अब शैलम का आशीर्वाद मिल रहा है। शैलम की अपनी यात्रा के बाद, प्रधानमंत्री ने शिवाजी स्पूर्ति केंद्र में श्रद्धांजलि अर्पित की और मंच से छत्रपति महाराज को नमन किया। उन्होंने अल्लामा प्रभु और अक्कमहादेवी जैसे श्रद्धेय शैव संतों को नमन किया। उन्होंने उय्यालवाड़ा नरसिम्हा रेड्डी गारू और हरि सर्वोत्तम राव सहित महान स्वतंत्रता सेनानियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने राज्य की असीम क्षमता और इसके युवाओं की असीम क्षमताओं पर जोर देते हुए कहा, आंध्र प्रदेश स्वाभिमान और समृद्ध संस्कृति की धरती होने के साथ-साथ विज्ञान और नवाचार का केंद्र भी है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को सही दृष्टि और नेतृत्व की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज, चंद्रबाबू नायडू गारु और पवन कल्याण गारु जैसे नेताओं के साथ, आंध्र प्रदेश के पास केंद्र सरकार के पूर्ण समर्थन के साथ-साथ दूरदर्शी नेतृत्व भी है। पिछले सोलह महीनों में आंध्र प्रदेश में हुए तेज विकास पर प्रकाश डालते हुए। केंद्र और राज्य सरकारों के तहत अभूतपूर्व प्रगति के बारे में बताते हुए, मोदी ने कहा कि दिल्ली और अमरावती मिलकर विकास को गति देने के लिए काम कर रहे हैं।

"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लगभग 13,430 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। ये परियोजनाएं उद्योग, विद्युत ट्रांसमिशन, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सहित प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं, जो क्षेत्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने, औद्योगीकरण को गति देने और राज्य में समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। प्रधानमंत्री ने 2,880 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कुरनूल-द्धद्धद्ध पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना में 765 किलोवाट की डबल-सर्किट कुरनूल-द्धद्धद्ध पूलिंग स्टेशन-चिलकलुरिपेटा ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण शामिल है, जिससे परिवर्तन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी और देश के विकास को गति देने के लिए अक्षय ऊर्जा बड़े पैमाने पर संभव होगा।प्रधानमंत्री ने कुरनूल में ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और कडप्पा में कोप्पार्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला भी रखी, जिनका कुल निवेश 4,920 करोड़ रुपये से अधिक होगा। आंध्र प्रदेश औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर निगम लिमिटेड (एपीआईआईसी) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित, ये आधुनिक, बहु-क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर और वॉक-टू-वर्क अवधारणा पर आधारित हैं।



## जेपी नड्डा ने की ऋषि सुनक से मुलाकात

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। यह मुलाकात भाजपा को जानें पहल के तहत हुई। मुलाकात के बाद एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए नड्डा ने कहा कि आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर भाजपा को जानें पहल के तहत ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की मेज़बानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।
इस मौके पर उन्होंने ऋषि सुनक और उनके परिवार को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।नड्डा ने कहा कि मुलाकात के दौरान भारत-ब्रिटेन के प्रगाढ़ होते संबंधों और ज़मीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा को मज़बूत करने के लिए तकनीक का लाभ उठाने के भारत के प्रयासों पर चर्चा की गई।
इसके साथ भाजपा के मज़बूत संगठनात्मक ढांचे, हर स्तर पर लोगों से उसके गहरे जुड़ाव और समावेशी, विकासोन्मुखी शासन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के बारे में भी जानकारी साझा की।

## संयुक्त राष्ट्र 2025 की नहीं, बल्कि 1945 की वास्तविकताओं को दर्शाता है : एस जयशंकर

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र 2025 की वास्तविकताओं के बजाय 1945 की दुनिया को प्रतिबिंबित करता है। एक बार फिर से उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र सैनिक योगदानकर्ता देशों के प्रमुखों के सम्मेलन (यूएनटीसीसी 2025) में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि शांति स्थापना के प्रति भारत का दृष्टिकोण उसके सभ्यतागत लोकाचार में निहित है और वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत द्वारा निर्देशित है। उन्होंने आगे कहा, सैन्य योगदानकर्ता देशों के सैन्य नेताओं शांति के निर्माता, संरक्षक और दूत की इस प्रतिष्ठित सभा को संबोधित करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आप एक ऐसी संस्था संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना की ताकत को दर्शाते हैं, जो लगभग आठ दशकों से संघर्षग्रस्त दुनिया में आशा की किरण के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि भारत का शांति स्थापना दर्शन इस विचार से प्रेरित है कि वैश्विक सहयोग न्याय और समावेशिता पर आधारित होना चाहिए। जयशंकर ने कहा, भारत शांति स्थापना को अपने सभ्यतागत मूल्यों से जोड़ता है। हम विश्व को एक परिवार के रूप में देखते हैं; यह दृष्टिकोण वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत सिद्धांत में निहित है। यह केवल सांस्कृतिक ज्ञान ही नहीं है, बल्कि एक ऐसा दृष्टिकोण है जो हमारे विश्वदृष्टिकोण का आधार है।उन्होंने आगे कहा, यही कारण है कि भारत ने सभी समाजों और लोगों के लिए न्याय, सम्मान, अवसर और समृद्धि की निरंतर वकालत की है। यही कारण है कि हम बहुपक्षवाद और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी में अपना विश्वास रखते हैं।आधुनिक युग से जुड़ी चुनौतियों को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हमारी प्रतिक्रियाओं को अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के प्रतिस्पर्धी पहलुओं से आगे बढ़ना चाहिए। ऐसे सहयोगों का स्वाभाविक प्रारंभिक बिंदु संयुक्त राष्ट्र है।संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के लिए न्यूयॉर्क की अपनी हालिया यात्रा के अनुभव साझा करते हुए, भारत के विदेश मंत्री ने कहा, संयुक्त राष्ट्र आज भी 1945 की वास्तविकताओं को दर्शाता है, न कि 2025 की। अस्सी साल किसी भी मानदंड से एक लंबा समय है, और इस अवधि के दौरान, संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता वास्तव में चौगुनी हो गई है।

## ट्रंप के दावे पर भारत की संतुलित प्रतिक्रिया- भारतीय उपभोक्ता हितों की रक्षा ही हमारी प्राथमिकता

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे पर संतुलित प्रतिक्रिया दी है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा। मंत्रालय के बयान में खंडन और स्वीकार्यता दोनों नहीं है। इस बयान में उपभोक्ता हितों और ऊर्जा विविधीकरण पर ज़ोर दिया गया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रंप के बयान के बाद प्रतिक्रिया जारी की है। इसमें उन्होंने कहा है कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियाँ पूरी तरह इसी उद्देश्य से निर्देशित होती हैं।उन्होंने कहा कि स्थिर ऊर्जा मूल्य और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा नीति के दोहरे लक्ष्य रहे हैं। इसमें हमारी ऊर्जा स्रोतों का व्यापक आधार और बाज़ार की स्थितियों के अनुरूप विविधीकरण शामिल है। जहाँ तक अमेरिका का संबंध है, हम कई वर्षों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं।


## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 साल पूरे होने पर इस साल कृषि मंत्रालय करेगा कई आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के इस वर्ष दिसंबर में 25 साल पूरे होने जा रहे हैं। इसके मद्देनजर कृषि मंत्रालय कई राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इस संबंध में गुरुवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि भवन में उच्चस्तरीय बैठक कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की एवं भावी कार्य योजना को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्वोत्तर में कामकाज को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वह जल्द ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित ग्रामीण विकास के अन्य विषय जिसमें मनरेगा, कौशल विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इत्यादि शामिल हैं ।सभी को सम्मिलित करते हुए पूर्वोत्तर में मुख्यमंत्रियों और राज्य प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ विशेष बैठक करेंगे, ताकि योजनाओं का व्यापक और समयबद्ध कार्यान्वयन और अच्छे से हो सके। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के इस वर्ष दिसंबर में 25 साल पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रव्यापी आयोजन को लेकर बात हुई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एक ऐतिहासिक पहल रही है। इस योजना ने ग्रामीण आबादी के जीवन में व्यापक बदलाव लाने का काम किया है। इस योजना के 25 वर्ष पूरे होना एक बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 साल की सफल यात्रा पर रिपोर्ट जारी करने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया ताकि देशव्यापी स्तर पर सफल योजना की जानकारी लोगों तक पहुंच सके।
केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने सभी अधिकारियों से कार्य में और अधिक प्रगति लाने, यदि कहीं कोई रुकावटें और समस्याएं आ रही हो, वहां त्वरित समाधान का रास्ता निकालते हुए राज्यों के समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़कों का निर्माण अच्छी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप हो, इसी ध्येय के साथ काम होना चाहिए।बैठक में ग्रामीण विकास सचिव शैलेश सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को राज्यवार योजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

## ट्रंप के बयान पर राहुल बोले- प्रधानमंत्री को किस बात का डर



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के रुस से तेल खरीदना बंद करने वाले बयान पर कहा है कि यह भारत की विदेश नीति पर सवाल खड़े करने वाला है।राहुल ने एक्स पोस्ट में कहा कि ट्रंप को यह कहने का अवसर कैसे मिला कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। प्रधानमंत्री को किस बात का डर है। वित्त मंत्री का अमेरिका दौरा क्यों स्थगित किया गया, भारत ने शर्म-अल-शेख सम्मेलन में भाग लेने से परहेज क्यों किया और प्रधानमंत्री 'ऑपरेशन सिंदूर' पर ट्रंप के बयान का विरोध क्यों नहीं कर रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि वे भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर खुश नहीं थे और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। मोदी उनके मित्र हैं और इस कदम से वैश्विक ऊर्जा संतुलन पर सकारात्मक असर पड़ेगा।







CMYK

## संपादक की कलम से....

# दीपावली पर नकली मावा और पनीर का खतराः जिम्मेदार कौन?



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

दीपावली भारत का सबसे प्रमुख और उल्लासपूर्ण पर्व है। यह सिर्फ रौशनी और सजावट का नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धता, सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक गौरव का पर्व भी है। इस अवसर पर मिठाइयों का विशेष महत्व होता है – लोग मिठाई बांटते हैं, घरों में पकवान बनते हैं और बाजारों में रौनक रहती है। लेकिन इस मिठास भरे त्योहार में अब एक खतरनाक कड़वाहट घुलने लगी है – मिलावट की मिठास, जो देखने में आकर्षक होती है

पर अंदर से ज़हर होती है। हर साल दीवाली के आसपास खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की गई छापेमारी में बड़ी मात्रा में नकली मावा, पनीर और सिंथेटिक दूध पकड़ा जाता है। यह जानकर चिंता होती है कि ये नकली उत्पाद खुलेआम बाजारों में बिक रहे होते हैं – जिनका सेवन कर हम अपने बच्चों, परिवार और खुद की सेहत को खतरे में डालते हैं। मावा यानी खोया, जो मिठाइयों की आत्मा होता है, अब सिंथेटिक दूध, स्टार्च, यूरिया और डिटर्जेंट से तैयार किया जा रहा है। वहीं पनीर, जो त्योहारों के नमकीन और पकवानों में खूब इस्तेमाल होता है, उसे भी सस्ते केमिकल्स और मिलावटी दूध से बनाया जा रहा है।

ये नकली उत्पाद देखने में तो असली जैसे होते हैं, लेकिन शरीर के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकते हैं। नकली मावा और पनीर में उपयोग किए जाने वाले रसायन, जैसे कि सिंथेटिक दूध में मौजूद डिटर्जेंट और यूरिया, पाचन तंत्र को क्षति पहुंचाते हैं। इससे दस्त, उल्टी, पेट दर्द, लिवर फेलियर, किडनी खराब होना और यहां तक कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियाँ तक हो सकती हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका प्रभाव और भी घातक होता है।

यह प्रश्न अब सिर्फ मिलावटखोरों की बेशर्मी तक सीमित नहीं है – यह पूरे तंत्र की विफलता को उजागर करता है। प्रशासनिक तंत्र, जो त्योहारों के समय खाद्य गुणवत्ता की जांच का दावा करता है, अक्सर दिखावटी कार्रवाई तक सिमट कर रह जाता है। हर साल समाचारों में छापेमारी की खबरें आती हैं, लेकिन असली सवाल यह है कि इतनी मात्रा में नकली सामग्री तैयार कैसे होती है, और बाजार तक कैसे पहुँचती है? दुकानदारों और फैक्ट्रियों की भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे लाभ की होड़ में लोगों की जान के साथ खिलवाड़ न करें लेकिन यह भी सच है कि एक सजग उपभोक्ता ही सबसे बड़ा हथियार होता है – जब हम मिलावटी उत्पाद खरीदते हैं, तो अनजाने में इस ज़हरीले व्यापार को बढ़ावा देते हैं। उपभोक्ता को भी जागरूक होने की आवश्यकता है, अनजान दुकानों से मिठाई या दूध उत्पाद न खरीदें। ढीले में बिकने वाले मावा या पनीर की बजाय ब्रांडेड और पैकेज्ड उत्पाद लें। घर पर बनी मिठाइयों को प्राथमिकता दें। शक होने पर मावा की गुणवत्ता की जांच करें - स्टार्च की जांच आयोडीन से की जा सकती है। खाद्य सुरक्षा हेल्पलाइन पर शिकायत करें, अगर मिलावट की आशंका हो।

त्योहारों की असली खुशी रिश्तों की मिठास में होती है, न कि रंग-बिरंगी मिठाइयों में। समय आ गया है कि हम परंपराओं के नाम पर अपने स्वास्थ्य के साथ समझौता करना बंद करें। आज ज़रूरत है एक सामाजिक आंदोलन की, जो मिलावट के विरुद्ध हो। जैसे 'स्वच्छ भारत' एक अभियान बना, वैसे ही शुद्ध भारत भी एक सोच बननी चाहिए – जिसमें न केवल सरकार और प्रशासन, बल्कि हर नागरिक की भूमिका हो। त्योहारों की चमक सिर्फ दीयों से नहीं, बल्कि लोगों के चेहरों की मुस्कान से होती है। लेकिन जब उस मुस्कान के पीछे बीमारी, डर और धोखा छिपा हो, तो त्योहार केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाता है। इस दीवाली, आइए संकल्प लें कि हम मिलावट को 'ना' कहेंगे, और शुद्धता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे। ताकि मिठास सिर्फ जुबान में नहीं, रिश्तों और ज़िंदगी में भी बनी रहे।

---

**स्वच्छता, गौ-संरक्षण और स्वदेशी भावना का संदेश देता यह अनूठा अभियान**

# सीके बिरला हॉस्पिटल, प्रवासी संघ राजस्थान और नृत्यम फाउंडेशन की सराहनीय पहल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



आज के आधुनिक युग में जब प्लास्टिक और प्रदूषण हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, ऐसे में समाज को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित करने वाली पहले अत्यंत आवश्यक हो जाती हैं। इसी भावना को साकार करने के उद्देश्य से सीके बिरला हॉस्पिटल जयपुर, प्रवासी संघ राजस्थान टीम जयपुर और नृत्यम फाउंडेशन ने मिलकर एक विशेष अभियान स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आयोजित किया। इस अभियान के तहत गौमाता के गोबर से निर्मित दीपक तथा प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम मुख्यतः मुख्य सोडाला स्थित पुराने तेजाजी मंदिर, कमलावती ट्रस्ट एवं अशोका एन्क्लेव स्वेज फार्म सोडाला में आयोजित हुआ।

इन स्थानों पर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग का महत्व बताया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीके बिरला हॉस्पिटल रिटेल हेड शांतनु सिंह, प्रवासी संघ राजस्थान के प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनिया, नृत्यम संस्थान की निदेशक एवं समाज सेविका काजल सैनी, भाजपा नेत्री सुनीता सैनी, प्रदेश सलाहकार अजय सिंह शेखावत, प्रदेश प्रवक्ता संजय योगी, युवा प्रदेश अध्यक्ष विहान साकुनिया, विष्णु खंडेलवाल, रश्मि भगवाननानी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रवासी संघ जयपुर, रवि भगवान, शर्मा ज्वैलरी सोडाला एवं कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट के भीमराज कमलावती सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की विशेष सहभागिता रही।

सभी ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि समाज को गौ-संरक्षण और स्वदेशी उत्पादों के महत्व से भी जोड़ती हैं। गौमाता के गोबर से बने दीपकों का उपयोग न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि यह भारतीय परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करता है। प्रवासी संघ राजस्थान के प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनिया इस प्रयास को जनजागरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए इसे नियमित रूप से जारी रखने का सुझाव दिया। यह अभियान वास्तव में एक ऐसा संदेश दे गया कि यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण का संकल्प ले, तो स्वच्छ और हरित भारत का सपना साकार हो सकता है। नृत्यम संस्थान की निदेशक एवं समाज सेविका काजल सैनी ने कहा कि इस अभियान ने स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग, गौ-संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश समाज तक पहुँचाया है। उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### जैन धर्मावलंबियों का नव वर्ष 22 अक्टूबर से

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जैन धर्मावलम्बियों का नया साल वीर निर्वाण सम्वत् 2552 का कार्तिक शुक्ला एकम्,बुधवार, 22 अक्टूबर को शुभारंभ होगा। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व कार्तिक कृष्ण अमावस्या मंगलवार, 21 अक्टूबर को वीर निर्वाण सम्वत् 2551 का समापन होगा। विनोद जैन के मुताबिक इसी दिन दिगम्बर जैन आचार्यो,मुनि, आर्यिकाओं, क्षुल्लक, क्षुल्लिकाओं के चातुर्मास का निष्ठापन एवं वर्षायोग का समापन होगा। मंगलवार, 21 अक्टूबर को ही आचार्य भरत सागर महाराज का 19 वां समाधि दिवस एवं सायंकाल भगवान महावीर के प्रथम गणधर गौतम स्वामी का केवल ज्ञान दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर कई साधु संतों द्वारा संयम का उपकरण पिच्छिका परिवर्तन भी किया जाएगा। जयपुर में वर्तमान में पन्द्रह स्थानों पर दिगम्बर जैन संतों का चातुर्मास चल रहा है।

### श्री खोले के हनुमान मंदिर में पंच दिवसीय दीपोत्सव कल से

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

श्री नरवर आश्रम सेवा समिति की ओर से श्री खोले के हनुमान जी मंदिर में पांच दिवसीय दीपोत्सव मनाया जाएगा। समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि 18 अक्टूबर को धनतेरस पर तिल्ली के तेल से 101 दीप जलाए जाएंगे। सभी मंदिरों में पूजा की जाएगी। शाम 7 बजे श्री धन्वंतरि जी की पूजा-अर्चना की जाएगी। हनुमान जी से सभी को स्वस्थ रखने की प्रार्थना की जाएगी। 19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी को श्री हनुमान जी का तेल से अभिषेक कर सिन्दूर का चोला चढ़ाया जाएगा। चांदी की पोशाक धारण कराई जाएगी। रात्रि 12 बजे महाआरती के साथ बाजरे के चूरमा सहित छप्पन व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। 20 अक्टूबर को मिट्टी के 5100 के दीयों से पूरे मंदिर की सजावट की जाएगी। 21 अक्टूबर को स्नेह मिलन कार्यक्रम होगा। 22 अक्टूबर को शाम 7 बजे गोवर्धन जी की पूजा की जाएगी।

### निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 29 अक्टूबर को

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



जिला अंधता निवारण समिति एवं लाल कोठी स्थित एसआरके ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में 29 अक्टूबर को मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया गया। हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभूति शर्मा एवं डॉ. नीलम के निर्देशन में मरीजों का ऑपरेशन होगा। मरीजों को रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद उन्हें घर से लाने, एसआरके हॉस्पिटल में एडमिट करके मोतियाबिंद ऑपरेशन करने एवं लेंस लगाकर अगले दिन चश्मे के साथ उन्हें घर छोड़ा जाएगा। डॉ. अनुभूति ने बताया कि पूरी प्रक्रिया समिति की ओर से पूरी तरह निःशुल्क होगी।शर्मा ने बताया कि मरीजों की ओपीडी में जांच के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से इस तरह के निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते है जिसमें जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का हर माह निशुल्क ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया जाता है। शिविर में आपथ्रोलॉजिस्ट मीना सैन, अरविंद शर्मा समेत अन्य लोग सपोर्टिंग भूमिका निभाएंगे।

### एटीएम कार्ड बदल खाते निकाले 1.39 लाख रुपए

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सांगानेर थाना इलाके में एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गए एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 1.39 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार हरगोविंद सिंह निवासी सांगानेर ने मामला दर्ज करवाया है कि वह गत महीने वह थाना इलाके प्रताप नगर कुंभा मार्ग स्थित कैनरा बैंक के एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गया था। जहां पीड़ित ने कार्ड डालकर प्रक्रिया शुरू की तो रुपए नहीं निकले। जब कार्ड निकाल रहा था, तब वहां पहले से ही मौजूद दो लड़के ने कहा आपने कार्ड सही नहीं लगाया। वह उससे कार्ड लेकर एटीएम मशीन में लगाता है और फिर पीड़ित से पिन नंबर डालने को कहते । पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने बातों ही बातों में उसका कार्ड बदलकर एटीएम मशीन में डालकर वहां से चले गए। पीड़ित रुपए निकालने की कोशिश करता रहा। जब उसने कार्ड को देखा तो उसका एटीएम बदला हुआ था। पीड़ित तुरंत बैंक जाकर खाते को होल्ड करवा ही रहा था तभी उसके पास 1.39 लाख रुपए रुपए निकलने का मैसेज आ गया।

---

**जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर लगाए गए सीपीआर बूथ**

# निःशुल्क जैन सीपीआर ट्रेनिंग सेंटर का जयपुर में शुभारंभ

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




सड़क दुर्घटनाओं और अचानक हृदय गति रुकने से होने वाली मौतों को रोकने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में जयपुर में जैन सीपीआर ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया है। यह देश का पहला ऐसा निःशुल्क जनसेवा आधारित प्रशिक्षण केंद्र है, जो सामाजिक सरोकार से प्रेरित होकर कार्य करेगा। जयपुर मेडिकल एसोसिएशन (जेएमए) डॉ. जगदीश मोदी प्रेसिडेंट ने इस सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया। संस्थापक डॉ. वी. के. जैन ने बताया कि विश्व हृदय पुनः आरंभ दिवस जो विश्व भर में हर साल मनाया जाता है उद्घाटन अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सीपीआर का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। वहीं डॉक्टरों और पैरामेडिक्स से भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। डॉ. जैन ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि हर नागरिक और छात्र बेसिक सीपीआर सीखे ताकि आपात स्थिति में किसी की जान बचाई जा सके। वह चाहते हैं कि सीपीआर को स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम में अनिवार्य किया जाए हर भारतीय बने जीवनरक्षक। राष्ट्रीय सीपीआर जागरूकता सप्ताह राष्ट्रीय सीपीआर जागरूकता सप्ताह (13 से 17 अक्टूबर) जो पूरे भारतवर्ष में बनाया जा रहा है के दौरान जयपुर में जंतर मंतर, नाहरगढ़ फोर्ट, आमेर फोर्ट, व अल्बर्ट म्यूजियम, सेंट्रल पार्क, सिटी पार्क और सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों सहित सीकर रोडवेज बस स्टैंड पर भी सीपीआर प्रशिक्षण बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां आमजन को सीपीआर का त्वरित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पुलिस विभाग के अधिकारियों, पत्रकारों और युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों में तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया।

## 60 दिवसीय टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन - 3.0 के अंतर्गत आयोजित होंगी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां





■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 की 60 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत जिले में तम्बाकू निषेध के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीइस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 60 दिवसीय टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 आगामी 08 दिसंबर,2025 तक संचालित किया जाएगा। टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 की 60 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत जिले में अन्य तम्बाकू निषेध गतिविधियों के साथ ही जन-जागरुकता कैम्पेन का आयोजन किया जाएगा।

इसमे कोटपा एक्ट के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंधित स्थानों पर तम्बाकू का विक्रय-सेवन पर रोक लगाने के लिए चालान की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही सामुदायिक स्तर पर इसके प्रति जन-जागरुकता विकसित करने संबंधित विविध गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में स्कूलों, ग्राम पंचायत भवनों, शैक्षणिक- चिकित्सा संस्थानों इत्यादि को तम्बाकू मुक्त करने के लिये निर्धारित किये गये मापदण्डों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। कोटपा उल्लंघन पर चालान कार्यवाही, ग्राम, ब्लॉक व जिला स्तर पर विद्यार्थियों की वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन, नारा लेखन, जिला व ब्लॉक स्तर पर रैलियों का आयोजन कर तम्बाकू के दुर्व्यसन के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा।

## तीन हजार किलो मिलावटी मिल्क केक किया नष्ट

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने कार्यवाही करते हुए मिलावटी मिल्क केक के कारखाने की सूचना पर बस्सी तहसील के राजस्व गांव रूपा की नांगल स्थित जैन वाटिका में मैसर्स श्री श्याम फूड प्रोडक्ट्स पर छापा मार कर तीन हजार किलो मिलावटी मिल्क केक नष्ट करवाया। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि विनोद शर्मा सोन पपड़ी और मिल्क केक का निर्माण कर रहा था।

कारखाने के जिस हिस्से में मिल्क केक का निर्माण किया जा रहा था यह मकान नुमा बना हुआ था जिस के मेन गेट पर ताला लगा हुआ था। शुरुआत में मालिक ने आनाकानी की परन्तु टीम द्वारा ताला खुलवा कर निरीक्षण करने पर लगभग 3000 किलो मिलावटी मिल्क केक तैयार कर दीपावली के त्यौहार पर सप्लाई के लिए रखा हुआ था।

मिल्क केक को सूजी, रिफाइंड सोयाबीन तेल,लिक्विड ग्लूकोज, मिल्क पाउडर से बनाया गया था।लगभग 2 हजार 500 किलो रॉ मैटेरियल रिफाइंड सोयाबीन तेल,सूजी,लिक्विड ग्लूकोज आदि रखा था जिस से दीपावली तक लगभग 5 हजार किलो मिलावटी मिल्क केक तैयार कर सप्लाई करने की तैयारी थी।

पूछताछ में विनोद शर्मा ने बताया कि पिछले दो साल से काम कर रहा है। सीकर, श्रीमाधोपुर, चौमू आदि तक मिल्क केक रुपए 120 प्रति किलो के हिसाब से बेचता है। मौके पर पांच किलो के छह सौ डिब्बे तैयार रखे हुए थे। सेंट्रल टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिलावटी मिल्क केक के नमूने लेकर शेष लगभग तीन हजार किलो मिलावटी मिल्क केक को नष्ट करवाया गया। टीम में सेंट्रल टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र राणावत,अमित शर्मा एवं सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय से सुशील चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

---

**फ्रेशर्स डे अभिनंदन में झलकी उत्साह और उमंग**

# नए विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से जीता दिल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर







इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इंफॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट (आईआईआईएम), जयपुर में तीन सप्ताह तक चले ओरिएंटेशन कार्यक्रम के उपरांत एमबीए, एमसीए, बीबीए एवं बीसीए के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स डे अभिनंदन 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर उत्साह, उमंग और सौहार्द से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की मनोहारी प्रस्तुति से हुआ। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नवागंतुक विद्यार्थियों ने अपनी ऊर्जा और रचनात्मकता से पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने कनिष्ठ साथियों को उनके व्यक्तित्व और व्यवहार से मेल खाते दिलचस्प खिताब देकर उनका अभिनंदन किया। चुटीले संवादों और मनमोहक अंदाज में वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम का संचालन किया, जिसे उपस्थित सभी ने खूब सराहा। कार्यक्रम में डांसिंग एंजेल्स, एक्सट्रीम डांस, म्यूजिकल रिद्म, स्टनर्स जैसी आकर्षक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। रीमिक्स गानों पर थिरकते विद्यार्थियों ने म्यूजिक और डांस के रंगों से माहौल को मनोरंजक बना दिया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप, मैनेजमेंट संकाय से ध्रुव सोनी, सुनील चौधरी और चिराग शर्मा को मिस्टर फ्रेशर तथा इशिता सैनी, कल्पना सैनी और रिया सैनी को मिस फ्रेशर घोषित किया गया।

वहीं, कंप्यूटर साइंस संकाय से दीपांशु गुप्ता, शिवांशु शर्मा और वैभव सिंह को मिस्टर फ्रेशर तथा अपूर्वा राय, अनुष्का शर्मा और साँची सेठिया को मिस फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। फ्रेशर्स डे अभिनंदन 2025 ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को न केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया, बल्कि वरिष्ठ और कनिष्ठ छात्रों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों की एक नई शुरुआत भी की।

---

## वर्ल्ड स्पाइन डे विशेष : गलत पोजिशन में लंबे समय बैठने से बढ़ी रीढ़ में दर्द की समस्या

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



रीढ़ की हड्डी संबंधी विकार विकलांगता के मुख्य कारणों में से एक है। कोरोना काल में वर्क फ्रॉम होम का कल्चर ऐसा बढ़ा कि आज तक ये सिलसिला जारी है। इसकी वजह से स्पाइन को अच्छा खासा नुकसान पहुंच रहा है। 9 घंटे लगातार एक ही सिटिंग पोजीशन में काम करने से गर्दन या कमर में दर्द की शिकायत बनी रहती है। रीढ़ की बढ़ती दिक्कतों के जोखिम और इससे बचाव के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 16 अक्टूबर को वर्ल्ड स्पाइन डे मनाया जाता है। इस मौके पर मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के सीनियर स्पाइन सर्जन डॉ. मुकेश हरितवाल ने स्पाइन से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. मुकेश हरितवाल ने बताया कि बिगड़ती लाइफस्टाइल के कारण रीढ़ को काफी नुकसान पहुंच रहा है। इसके कारण गर्दन से लेकर कमर तक के हिस्सों में दर्द और तंत्रिकाओं की कई तरह की समस्याओं के बढ़ने का खतरा हो सकता है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के अनुसार, पीठ के निचले हिस्से में दर्द दुनियाभर में तेजी से बढ़ती समस्या है, इसके लिए रीढ़ की समस्याओं को प्रमुख कारण माना जा रहा है।

**'लंबे समय तक बैठे रहने से बचें'**

लगातार बैठे रहने के कारण न्यूट्रल स्पाइनल अलाइनमेंट बनाए रखना कठिन हो जाता है जिसके कारण यह रीढ़ की हड्डी के तनाव को बढ़ा सकता है। डॉ. मुकेश ने बताया कि इस तरह की समस्याओं से बचे रहने के लिए ज्यादा समय तक सीधा खड़े रहने की अधिक कोशिश करें। अगर आपकी डेस्क जॉब है तो थोड़ी-थोड़ी देर के बाद उठकर आसपास वॉक कर लें। शरीर की समय-समय पर स्ट्रेचिंग करते रहने से भी रीढ़ की समस्याओं से बचे रहने में मदद मिल सकती है।

## परिजन आशा छोड़ चुके थे, चिकित्सकों ने लौटाई जिंदगी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



प्रियुष न्यूरो एंड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने टिटनेस की समस्या के चलते लगभग जान गवां चुकी 24 वर्षीय युवती की जान बचाने में सफलता हासिल की है। दरअसल युवती के कुछ समय पहले पैर में लोहे से गंभीर चोट लगी थी, जिसका कोई इलाज नहीं करवाया था। इसके कुछ दिनों बाद युवती को दांतों के जबडो में जकडन, कमर दर्द, शरीर में खिंचवा जैसी समस्याएं शुरू हो गई, जो कि नियमित रूप से बढ रही थी। इसके बाद हॉस्पिटल के सीनीयर कंसल्टेंट इंटेंसिविस्ट डॉ. अल्पना परिहार के निर्देशन में इलाज शुरू हुआ। मरीज के परिजन पूरी तरह से हिम्मत हार चुके थे। डॉ. परिहार ने जांचों के बाद डॉ. एसएस गर्ग के सहयोग से टिटनेस का इलाज शुरू किया एवं सबसे पहले मरीज को बेहोशी देकर सांस की मशीन पर रखा गया। इसके बाद इलाज शुरू किया गया। करीब दो से तीन सप्ताह में मरीज को ठीक किया गया एवं सांस की मशीन और गले की नली को निकाला गया। मरीज को बिना किसी सपोर्ट के डिस्चार्ज किया गया और फॉलो-अप में युवती पूरी तरह ठीक हो गई। डॉ. परिहार बताती हैं कि टिटनेस जैसी घातक बीमारी जिसमें बचना मुश्किल होता है, इससे बचने के लिए इसका वैक्सीनेशन करवाना चाहिए और यदि कोई भी समस्या दिखे तो तुरंत एक्सपर्ट चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

## दीपावली पर्व के दौरान शहर में रहेगा यातायात व्यवस्था में बदलाव

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी धनतेरस, रूप चतुर्दशी, दीपावली एवं गोवर्धन पूजा का त्यौहार 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। इस अवसर पर देशी–विदेशी पर्यटक, शहरवासियों के द्वारा शहर के मुख्य बाजारों में (विशेषतः परकोटा क्षेत्र) में खरीदारी करने एवं मुख्य बाजारों में रोशनी की सजावट को देखने हेतु काफी संख्या में आवागमन रहेगा। इस कारण मुख्य बाजारों एवं मुख्य मार्गों पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहने की सम्भावना है। शहर के मुख्य बाजारों में सजावट को दृष्टिगत रखते हुए यातायात के सुगम संचालन हेतु यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से रहेगीः- 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक सुबह 11 सू से रात्रि 12 बजे तक किशनपोल बाजार, चांदपोल बाजार, गणगौरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, चौडा रास्ता, जौहरी बाजार, हवामहल बाजार, नेहरु बाजार, बापू बाजार में ई-रिक्शा का संचालन प्रतिबन्ध रहेगा। 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक सिटी/मिनी बसो का संजय सर्किल, अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, घाटगेट, गलता गेट, धोबी घाट व रामगढ़ मोड़ से परकोटे मे प्रवेश निषेध रहेगा। जिन्हे आवश्यकतानुसार डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से संचालित किया जायेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार के माल वाहक वाहनों (साईकिल ट्रोली, ठेले, बैलगाडी, व ठेलों में लम्बे पाईप सरिये आदि से भरे हुए वाहन) का परकोटा, संसार चन्द्र रोड़, एम.आई रोड, अशोका मार्ग, यादगार तिराहा से रामबाग चौराहा, एम.डी रोड में प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा। धनतेरस पर परकोटे में खरीदारी करने हेतु आने वाले देशी/विदेशी पर्यटक, शहरवासियों के वाहनों की पार्किंग जे.डी.ए. की भूमिगत पार्किंग रामनिवास बाग, चौगान स्टेडियम के अंदर पार्किंग स्थल पार्क की जायेगी। जौहरी बाजार, हवामहल बाजार, रामगंज बाजार, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, गणगौरी बाजार, चांदपोल बाजार में मुख्य मार्गो पर वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी। आमजन से अपील की जाती है कि अपने वाहन मुख्य मार्ग पर पार्क नहीं करे तथा अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करे जिससे यातायात संचालन में बाधा नहीं हो।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हेल्पलाइन एवं व्हाट्सएप नम्बर के मार्फत दर्ज मुकदमों के आधार पर एसीबी ने कार्रवाई करने में मारा शतक

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान (एसीबी) ने इस वर्ष अब तक एसीबी की 1064 हेल्पलाइन एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834 के मार्फत दर्ज मुकदमों के आधार पर पहली बार एक वर्ष में कुल कार्रवाई का शतक पूर्ण करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे सशक्त जागरूकता अभियान का सुपरिणाम है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हेल्पलाइन यूनिट एवं पूरी एसीबी टीम के अथक प्रयासों और हेल्पलाइन पर दर्ज मुकदमो पर दृढ़ता पूर्वक त्वरित कार्रवाई से यह शतक पूर्ण करने की उपलब्धि हासिल हुई है। उल्लेखनीय है कि एसीबी में हेल्पलाइन नम्बर 1064 की शुरुआत 20 फरवरी 2020 को होने के पश्चात नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करते हुए वृहद प्रचार प्रसार किया जाता रहा है। जिसके आधार पर वर्ष 2023 में जहाँ हेल्पलाइन 1064 एवं व्हाट्स्ऐप नम्बर 9413502834 पर दर्ज कुल शिकायतों में से 78 कार्रवाई को अंजाम दिया गया। वहीं वर्ष 2024 में दर्ज कुल शिकायतों में से 85 पर सफलतापूर्वक कार्रवाई की गई। विगत दो वर्षों की तुलना में वर्तमान वर्ष में 15 अक्टूबर 2025 तक ही उक्त दोनों हेल्पलाइन पर कुल 101 कार्रवाइयों को सफलतापूर्वक एसीबी द्वारा सम्पादित किये जाने का शानदार और उल्लेखनीय रिकॉर्ड हासिल हुआ है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान(एसीबी) की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल एसीबी टीम की कार्यकुशलता को दर्शाती है बल्कि आमजन में भ्रष्टाचार के विरुद्ध विश्वास और जागरूकता को भी सशक्त बनाती है।

### प्रेम जाल में फंसा कोचिंग छात्रा से दुष्कर्म, विरोध करने पर शादी करने का दिया झांसा

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

बजाज नगर थाना इलाके में एक कोचिंग छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहीं थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि 27 युवती टोंक रोड स्थित एक कोचिंग में पढ़ाई कर रहीं है। कोचिंग के दौरान ही युवती की आरोपी से जान पहचान हुई थी। दोनो एक दुसरे से मोबाइल पर बात करने लगे। आरोपी ने युवती को मिलने का झांसा देकर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे शादी का वादा किया और अलग - अलग जगहों पर ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पीड़िता को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

### लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर ने फोन बिजनेसमैन को दी गोली मारने की धमकी

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

नारायण विहार थाने में एक बिजनेसमैन को लॉरेंस गैंग के गुर्गे ने गोली मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर के लिए फोन पर गोली मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि नारायण विहार में रहने वाला बिजनेसमैन एक कंपनी का मालिक है और सी-स्कीम में उसका ऑफिस है। आरोप है कि 5 से 12 अक्टूबर तक अपने परिवार के साथ कनाडा घुमने गया हुआ था ।9 अक्टूबर को विदेश के दो मोबाइल नंबर से उसके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य हैरी बॉक्सर बताया और खुद की जानकारी और फोटो गुगल पर मिलने की बात कहते हुए गोली मारने की धमकी दी। गाली गलौच के दौरान ही हैरी बॉक्सर ने पीड़ित के परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने कहा इतनी गोलियां दागूंगा कि सात पीढ़िया याद रखेगी। हैरी बॉक्सर के धमकी भरे कॉल पर बिजनेसमैन ने तुरंत ई-मेल व वॉट्सऐप के जरिए जयपुर कमिश्नरेट में शिकायत की। भारत वापस लौटने के बाद पीड़ित नारायण विहार थाने पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

**'पुलिस -ऑर्मी के कॉम्पिटिशन एग्जाम दे चुका है आरोपी'** बताया जा रहा है कि आरोपी हैरी बॉक्सर उर्फ हैरी चंद जाट मूलता अलवर का रहने वाला है और किसान परिवार से है। हैरी बॉक्सर पूर्व में पुलिस और आर्मी कॉम्पिटिशन एग्जाम दे चुका है। बॉक्सिंग कोच रहने के दौरान वो बदमाशों के सम्पर्क में आया था।

### मादक पदार्थ तस्कर ने चाकू घोप की युवक की हत्या

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में एक युवक को नशा बेचने वाले के खिलाफ पुलिस को शिकायत करना भारी पड़ गया। जहां गुस्साए तस्कर ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर युवक पर जानलेवा हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। युवक की मौत की सूचना के बाद दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को कंट्रोल में किया और पथराव कर रहे लोगों को डिटेन कर हत्या के आरोपी फिरोज को हिरासत में ले लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से उसके अन्य साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि फिरोज कॉलोनी में नशे की तस्करी करता था और नौजवानों को नशे की लत लगवा रहा था। इस बात का विरोध करते हुए कॉलोनी वासियों ने ब्रह्मपुरी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने आरोपी फिरोज के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। फिरोज को शक था की बार -बार अल्ताफ थाने में उसकी शिकायत कर रहा है। इस बात से गुस्सए फिरोज अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर अल्ताफ पर चाकू सरिए से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

**'बारात का पीछा कर अल्ताफ को उतार मौके के घाट'** अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर दुर्ग सिंह ने बताया बुधवार की देर रात शादी समारोह के दौरान चाकू बाजी की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आरोपित फिरोज को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि नशा तस्कर फिरोज काफी दिनों से घात लगाए बैठा । लेकिन गुरुवार देर रात उसे मौका मिल गया। फकीरों की डूंगरी से एक बारात रामगढ़ मोड़ गई हुई थी, जिसकी भनक फिरोज को लग गया। फिरोज ने अपने साथियों के साथ मिलकर बारात का पीछा कर अल्ताफ पर सरिए ,चाकू से हमला कर दिया। बारात में मौजूद अन्य लोगों ने बीच -बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने बारात में शामिल बारातियों के साथ भी मारपीट की।

**'दोनों पक्षों में जमकर हुआ पथराव'** सवाई मानसिंह अस्पताल से अल्ताफ की मौत की खबर मिलने के बाद बारात में शामिल हुए लोगों में आक्रोश फैल गया।

## एसओजी ने फर्जी एवं कूटरचित मार्कशीट बनाने वाले इनामी बदमाश को पकड़ा

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए फर्जी एवं कूटरचित मार्कशीट बनाने वाले पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया हैं। एसओजी की टीम ने गिरफ्तार आरोपी के पास मिले बैग से एक एचपी कंपनी का लैपटॉप,वीवो कंपनी का मोबाइल, हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव और अलग-अलग विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान की अंक तालिका,प्रमाण-पत्र मिले है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश में बेरोजगार छात्रों से ठगी की कई वारदात कर चुका हैं। एसओजी की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने फर्जी एवं कूटरचित मार्कशीट बनाने वाले पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश सौरभ सिंह (30) पुत्र सतपाल सिंह निवासी-गणियार जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) को गिरफ्तार किया हैं। एसओजी एडीजी ने बताया कि भारतीय डाक विभाग ऑफिस अजमेर मंडल के प्रवर अधीक्षक ने मामला दर्ज करवाया था कि डाक विभाग में जीडीएस ऑनलाइन एंगेजमेंट 2023-अनुसूची-द्वद्व के तहत नौकरी के ऑनलाइन आवेदन-2023 में लिए गए थे। अभ्यर्थी लोकेश यादव की ओर से भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद, नई दिल्ली बोर्ड से जारी दसवीं की मार्कशीट दी। मार्कशीट की जांच की गई तो फर्जी पाई गई। जिस पर डाक विभाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद अभ्यर्थी लोकेश यादव निवासी भूपखेडा बहरोड जिला अलवर और उसके साथी विकास कुमार यादव व हितेश यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में फर्जी मार्कशीट सौरभ सिंह से 35 हजार रुपए में बनवाना बताया। टीम ने सौरभ सिंह को पकड़ने के लिए कई जगह दबिश दी।

## लोकरंग महोत्सव में छऊ, थय्यम और कांगड़ा लोक नृत्य ने बांधा समां

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर







जवाहर कला केंद्र में जारी 28वें लोकरंग महोत्सव के दसवें दिन पर मध्यवर्ती का मंच देशभर की लोक परंपराओं से सराबोर हो गया जहाँ लोक नृत्य और संगीत की अनूठी झलक देखने को मिली। राजस्थान से लेकर केरल, तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर तक के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से शाम को लोक संस्कृति के रंगों में रंग दिया। शाम का आगाज़ लोक कलाकार शेर मोहम्मद, निहाल खान और जलाल खान के लोक गीतों से हुआ। प्रस्तुति की शुरुआत बच्चों द्वारा लोक गायन से हुई जिसके बाद सारंगी, खड़ताल, भपंग, तालकचहरी, मोरचंग और ढोल की तानों पर जुगलबंदी ने माहौल को रोमांचित कर दिया। शेर मोहम्मद ने सुरीला समां बांधते हुए 'लेता जाइजो रे दिलडा देता जाइजो' गीत में जोशीली प्रस्तुती दी। इसके बाद कविता सक्सैना व समूह के कलाकारों ने माखन चोरी ब्रज नृत्य में लोक-नाट्य परंपरा को जीवंत कर दिया। इस प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की माखन चोरी की मनोहर लीलाओं को दर्शाया गया, जिसमें ब्रज की गोपियाँ बालकृष्ण की शरारतों से परेशान होकर उन्हें पकड़ने की योजना बनाती हैं। नृत्य में कोमल भाव-भंगिमाओं, पद संचालन और मधुर संगीत ने मिलकर रमणीय वातावरण बना दिया।

छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक मांदरी नृत्य प्रस्तुति से लोकरंग के मंच को उत्सवमय बना दिया। इस लोकनृत्य की जड़ें वहां की आदिवासी संस्कृति में गहराई से बसती हैं।

वनांचल क्षेत्र में नवाखाई, आमा जोगनी, दिवाली और अन्य पारंपरिक पर्वों पर किया जाने वाला यह नृत्य देवी-देवताओं के प्रति आस्था और नई फसल के आगमन की खुशी का प्रतीक है। मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र से आए कलाकारों ने पारंपरिक कांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति में लोक विधा गायन और नृत्य दोनों का सुंदर संगम साकार किया। यह नृत्य विभिन्न त्यौहारों पर उत्सवों के मौकों पर किया जाता है जिससे सामाजिक मेलजोल भी बढ़ता है। इसके बाद राजस्थान के कलाकारों ने पारंपरिक घूमर नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी, जिसमें राजस्थानी लोक संस्कृति की सौंदर्य, सादगी और उमंग झलक उठी। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी कलाकाराओं की लयबद्ध घूम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। केरल के कलाकारों द्वारा थय्यम की प्रस्तुति दी गई जो स्थानीय प्राचीन पारंपरिक कला है। प्रस्तुति में देवी-देवताओं की पूजा और लोककथाओं का मंचन किया गया और दर्शकों ने आध्यात्मिक अनुभव महसूस किया। जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने डोगरी नृत्य के माध्यम से अपनी पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की, जिसमें रंग-बिरंगे परिधान और ऊर्जावान लय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**जेईसीसी प्रदर्शनी में तकनीकी सत्रों की धूम**

## एआई चुनौतियां, फोरेंसिक साक्ष्य और जेल सुधारों पर पुलिस अधिकारियों-प्रशिक्षुओं व विशेषज्ञों का विशेष सत्र

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर





नवीन आपराधिक कानून के अमल में आने के बाद पुलिस की तैयारी भी बदल रही है। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और लोक जागरूकता के लिए आयोजित की जा रही पुलिस प्रदर्शनी के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों और विभिन्न कानूनी हितधारकों के लिए ज्ञानवर्धक सत्रों की एक श्रृंखला चल रही है। इन विशेष सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर फॉरेंसिक साक्ष्य, कानून प्रवर्तन की आधुनिक चुनौतियों पर देश के शीर्ष विशेषज्ञों द्वारा गहन चर्चा की जा रही है। जिसका उद्देश्य पुलिस बल को नए कानूनी और तकनीकी युग के लिए पूरी तरह से तैयार करना है। इन तकनीकी सत्रों की मॉनिटरिंग खुद एडीजी और आरपीए डायरेक्ट एस सेंगाथिर कर रहे हैं।

**'पुलिसिंग में एआई की चुनौतियों पर हुआ मंथन'** तकनीकी सत्रों की शुरुआत नवीन तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर आयोजित सत्र से हुई। इंडिपेंडेंट रिसर्चर क्षितिज वर्मा ने एआई की वर्तमान स्थिति और पुलिसिंग में इसके अनुप्रयोगों पर जानकारी दी। सत्र में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस और एसओजी वी. के. सिंह ने पुलिस कार्यप्रणाली में एआई के उपयोग तथा नवीन कानूनों के आलोक में आने वाली चुनौतियों का सामना करने पर अपने विचार रखे।

इस महत्वपूर्ण इंटरैक्शन में निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगाथिर, आईजी एससीआरबी अजय पाल लाम्बा, निदेशक इंटेलिजेंस प्रशिक्षण अकादमी प्रदीप मोहन शर्मा और उप महानिरीक्षक पुलिस एसओजी परिस देशमुख सहित लगभग 160 पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

**'फोरेंसिक पर हुआ संवाद'** सेंगाथिर ने बताया कि अगली कड़ी में नवीन आपराधिक कानून तथा एफएसएल की भूमिका पर एक पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया।

इस सत्र में आरपीएस प्रशिक्षु अधिकारियों तथा नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पैनल में डायरेक्टर एफएसएल जयपुर अजय शर्मा, सेवानिवृत्त डायरेक्टर एफएसएल एस. एस. डागा और कैंपस डायरेक्टर एनएफएसयू राखी अग्रवाल शामिल थे। विशेषज्ञों ने एफएसएल की बदलती भूमिका पर प्रकाश डाला और 120 प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके साथ गहन संवाद किया।

**'जेल सुधार और कानूनी प्रावधानों पर चर्चा'** बीकानेर रेंज के पुलिस अधिकारियों तथा जेल विभाग के अधिकारियों का एक विशेष पैनल डिस्कशन आयोजित हुआ। इसमें महानिरीक्षक जेल जयपुर विक्रम सिंह ने नवीन कानूनों तथा जेल सुधारों के लिए अपनाए जा रहे नवाचारों के संबंध में जानकारी दी। इस सत्र में 190 अधिकारियों ने भाग लिया।

**'नवीन कानूनों के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर हुई गहन चर्चा'** गुरुवार को उदयपुर रेंज के पुलिस अधिकारियों का सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में नवीन कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, तकनीकी और फॉरेंसिक साक्ष्य विषय पर चर्चा हुई।

सहायक निदेशक अभियोजन रमेश चौधरी और पुलिस निरीक्षक धीरज वर्मा ने विधिक प्रावधानों पर चर्चा की। इस सत्र में कांस्टेबल से लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर तक के 180 अधिकारियों ने भाग लिया, जहाँ उन्होंने नवीन कानूनों के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रमों की यह श्रृंखला पुलिस अधिकारियों को नवीन कानूनों और आधुनिक तकनीक के साथ तालमेल बिठाने में सहायता प्रदान कर रही है।

## दीपोत्सव पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एमआई रोड से किया जयपुर की लाइटिंग का शुभारंभ



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



पंच दिवसीय दीपोत्सव के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजधानी की एमआई रोड पर रंग-बिरंगी लाइटिंग का स्विच ऑन कर दीपावली उत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपोत्सव केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश की, असत्य पर सत्य की और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि व्यापार मंडल की ओर से वोकल फार लोकर थीम पर सजावट की गई। इस प्रकार के आयोजन ना केवल परंपरा को जीवंत रखते हैं, बल्कि मोदी सरकार के स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में महत्वपूर्ण कदम है। दीपोत्सव जनसहभागिता और सामूहिक उत्सव का भी प्रतीक हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दीपावली को पर्यावरण के प्रति जागरूकता रखते हुए हर्षोल्लास से मनाएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उल्लेखनीय है कि एमआई रोड पर की गई सजावट में इस बार वोकल फॉर लोकल थीम को प्रमुखता दी गई है। यहां लगभग 2.5 किलोमीटर के क्षेत्र में की गई लाइटिंग पूरी तरह से स्वदेशी उत्पादों से की गई है, जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों व निर्माताओं को प्रोत्साहन देना है। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार व कारोबार उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया गया है। यह दीपोत्सव, न केवल आस्था व आनंद का पर्व है।

## उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महाप्रबंधक और संयुक्त आयुक्त गर्ग के लोकर ने उगला सोना

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्रतापगढ़ टीम ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में महाप्रबंधक एवं संयुक्त आयुक्त पद पर तैनात राजीव गर्ग को गत वर्ष 3 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इस प्रकरण में आय से अधिक संपत्ति की जांच के अंतर्गत एसीबी की टीम ने बजाज नगर स्थित इंडियन बैंक शाखा में आरोपित गर्ग का लॉकर खोला गया।

एसीबी की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान आज लॉकर से 555.35 ग्राम सोना (बिस्कुट एवं सिक्के) बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य 72,33,240 आंका गया है। साथ ही बजाज नगर स्थित कोठी से संबंधित महत्त्वपूर्ण कागजात भी मिले हैं। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपित लॉकर खुलवाने में टालमटोल कर रहा था। जिस पर एसीबी द्वारा लॉकर को खोलने की कार्रवाई की गई। जिसके पश्चात यह बरामदगी संभव हो सकी। अब तक की जांच में आरोपी अधिकारी के विभिन्न बैंक खातों में 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि तथा अलग-अलग एफडी में 1 करोड़ 20 लाख रुपये से अधिक की राशि सामने आई है। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रतापगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह परमार के नेतृत्व में की गई।

## राजस्थान का देशी पौष्टिक भोजन थीम आधारित पिक्चर पोस्ट कार्ड सेट का विमोचन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर




विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर जीपीओ में राजस्थान का देशी पौष्टिक भोजन विषय पर आधारित पिक्चर पोस्ट कार्ड सेट का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान डाक परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल (सीपीएमजी ) कर्नल सुशील कुमार के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल (दक्षिण क्षेत्र) बी. एल. सोनल, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) अनुब्रता संकरकुमार दास, प्रवर अधीक्षक डाकघर प्रियंका गुप्ता, सहायक निदेशक प्रवीण कुमार मीणा, प्रसिद्ध फिलेटलिस्ट राजेश पहाड़िया एवं योगेश भटनागर सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं डाक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जारी किए गए पिक्चर पोस्ट कार्ड सेट में राजस्थान के पाँच पारंपरिक पौष्टिक व्यंजन–केर-सांगरी, हल्दी की सब्जी, मंगोड़ी, मेथी दाना, और ग्वार फली की सब्जी–को प्रमुखता से शामिल किया गया है।

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल सुशील कुमार ने कहा कि, आज के दौर में जब फास्ट फूड संस्कृति तेजी से बढ़ रही है, ऐसे समय में पारंपरिक और स्थानीय खाद्य पदार्थों की ओर लौटना न केवल स्वास्थ्यवर्धक है बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी टिकाऊ कदम है। राजस्थान के स्थानीय व्यंजन पौष्टिकता, स्वाद और स्थायित्व का अद्भुत संगम हैं। वहीं भारतीय डाक विभाग सदैव समाज में जागरूकता, संस्कृति और जनहित के प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। यह पिक्चर पोस्ट कार्ड सेट स्थानीय भोजन - वैश्विक स्वास्थ्य का सशक्त संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा।

## 1.5 करोड़ की चोरी करने वाला नौकर पांच साथियों सहित गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ज्वेलरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में हुई 1.5 करोड़ रुपये की चोरी की वारदात करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि ज्वेलरी के काम करने वाले नौकर ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। वही इस मामले में आर्मी सूरतगढ़ गंगानगर में सेवारत फौजी को भी गिरफ्तार किया गया हैं। फिलहाल आरोपियों के पास से चोरी का कुछ माल बरामद किया है, शेष माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 27 जून को माणक चौक थाना इलाके में ज्वेलरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में हुई 1.5 करोड़ रुपये की चोरी की वारदात करने के मामले में आर्मी जवान संदीप सिंह (26) निवासी सलेमपुर (दौसा) हाल आर्मी कैंट सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर) और धीरेंद्र सिंह (29) निवासी पीलवा, नई मंडी हिंडौनसिटी (करौली) अनिल कुमार चौरसिया (38) निवासी गोविंदपुरी, साउथ दिल्ली, विश्राम गुर्जर उर्फ जगदीश (27) निवासी बस्सी (जयपुर), कमल गुर्जर (39) निवासी सिंधी कॉलोनी मालपुरा गेट (जयपुर) और धीरज कुमार मीणा (27) निवासी दतवास (टोंक) हाल कृष्णा वाटिका जामडोली को गिरफ्तार किया गया हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी संदीप सिंह वर्तमान में आर्मी में सेवा दे रहा था। जो घटना के करीब एक से डेढ़ साल पहले से ही आर्मी की ड्यूटी पर अपनी छुट्टियों के बाद वापस नहीं लौटा। करीब डेढ़ साल तक गैर हाजिर रहा। इस दौरान आरोपी संदीप सिंह लोन दिलवाने का काम कर रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात धीरज से हुई थी। आरोपी धीरज को ज्वेलरी फर्म और उसमें रखे माल के बारे में बताया था। वारदात को अंजाम देने के लिए ज्वेलर्स के कर्मचारी अनिल को भी अपने साथ लिया था। आरोपी संदीप सिंह ने ज्वेलरी फर्म के लॉकर तोड़ने के लिए अपने दोस्त धीरेंद्र को अपने साथ शामिल किया। इसके साथ ही अन्य लोगों को भी वारदात में शामिल किया। इसके बाद आरोपियों ने घटनास्थल की कई बार रात और दिन में रेकी की। इसके बाद 26 जून को आरोपी संदीप सिंह और धीरेंद्र घटनास्थल पर पहुंचे थे। पास ही की गली से एक मकान में रस्सी बांधकर ज्वेलरी फर्म में खिड़की तोड़कर घुसे थे और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए थे। पुलिस को गुमराह करने के लिए अलग-अलग रास्तों का प्रयोग बार-बार किया। घटना को अंजाम देने के दौरान अपने मोबाइल फोन बंद रखे, ताकि पुलिस लोकेशन ट्रेस नहीं कर सके। अपने चेहरे भी पूरी तरीके से छुपा रखे थे। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने-अपने ठिकानों पर चले गए थे। कुछ महीनों तक इंतजार करने को कहा गया था, ताकि मामला शांत हो जाए। इसके बाद आरोपी संदीप अपनी ड्यूटी के लिए वापस आर्मी कैंप चला गया, ताकि कोई उस पर शक नहीं करे और आर्मी में होने का फायदा मिल जाए। इस गैंग के अन्य साथी भी अपने-अपने कामों में लग गए थे, ताकि उन पर भी किसी को कोई शक नहीं हो। चोरी किए गए शेष माल बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ माल बरामद भी किया गया है। आरोपी संदीप के भाई भूपेंद्र सिंह की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। वहीं आरोपी संदीप से पूछताछ के बाद श्याम नगर इलाके में 1 जून 2025 को हुई घटना का भी खुलासा हुआ है। जहां 1 जून को आरोपी ने एक घर के बाहर खड़ी थार गाड़ी को पेट्रोल डालकर रंजिशवश आग लगाकर जला दिया था।

## विशेष खाद्य सुरक्षा अभियान में 1 हजार 670 लीटर संदिग्ध खाद्य तेल सीज




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राज्य सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत दीपावली पर्व पर चलाए जा रहे विशेष खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा मुहाना क्षेत्र में निरीक्षण,सीजर और नमूनाकरण की कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि इस अभियान के दौरान मुहाना स्थित फर्म से इंफोर्समेंट के तहत शाही सिक्का, क्रेन मार्का ब्रांड के संदिग्ध रिफाइंड मूंगफली तेल के तीन नमूने लेकर जांच के लिए भेजा गया है तथा शेष 570 लीटर तेल की रिपोर्ट प्राप्त होने तक के लिए सीज किया गया है। इसी प्रकार कमिश्नरेट की सेंट्रल टीम और सीए एचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने मुहाना स्थित मैसर्स लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी पर कार्यवाही करते हुए मिलावट के संदेह पर नमूने लेने के बाद 1100 किलो सरसों तेल सीज किया।

कुछ फर्म्स द्वारा विभिन्न नियमों की अवहेलना किए जाने पर उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। इन सब नमूनों में यदि खाद्य पदार्थ जांच लैब से मिलावट होने की रिपोर्ट प्राप्त होगी तो तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता सुशील चोटवानी, विनोद थारवान राजेश नागर व नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे ।

राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों से शैक्षणिक उपलब्धियों से आगे बढ़कर सृजनकर्ता

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का ज्वलंत प्रमाण है : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

- नवोन्मेषक और राष्ट्रीय विकास में योगदानकर्ता बनने का आह्वान किया
- रक्षा मंत्री ने कहा - हमें 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये का रक्षा विनिर्माण लक्ष्य और 50 हजार करोड़ रुपये के निर्यात लक्ष्य हासिल होने की उम्मीद है

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर






रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का एक ज्वलंत प्रमाण है, जो देश में आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के सरकार के अथक प्रयासों से प्राप्त हुआ है। राजनाथ सिंह आज 16 अक्टूबर, 2025 को पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को विश्वास और दृढ़ता जैसे गुणों के महत्व समझा रहे थे।

रक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को बताया कि जब सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना शुरू किया, तो आरंभ में यह कठिन लग रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, घरेलू रक्षा विनिर्माण के विस्तार में कोई कसर न छोड़ते हुए पूरी कोशिश की गई। इसी संकल्प के कारण सकारात्मक परिणाम मिलने लगे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने रक्षा क्षेत्र में बदलाव का संकल्प लिया है क्योंकि देश की स्वतंत्रता के बाद से ही हम हथियारों के लिए दूसरे देशों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं। हम हथियार खरीदने के आदी हो गए थे क्योंकि हमारे पास भारत में निर्माण करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी और हमारे पास रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने संबंधी क़ानून भी नहीं थे। इसमें बदलाव की आवश्यकता थी। अब हमारा संकल्प है कि भारत अपने सैनिकों के लिए स्वदेश में निर्मित हथियार बनाए।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने हमारे सैनिकों की वीरता देखी। उन्होंने निर्धारित व्यापक लक्ष्य देश में निर्मित रक्षा उपकरणों के उपयोग से ही हासिल किया। रक्षा निर्माण में युवाओं के योगदान की चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, सालाना रक्षा उत्पादन 46 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड़ रुपये का हो गया है, जिसमें निजी क्षेत्र का योगदान लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का है। उन्होंने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा विनिर्माण लक्ष्य और 50 हजार करोड़ रुपये के निर्यात लक्ष्य हासिल होने का विश्वास व्यक्त किया। राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों से शैक्षणिक उपलब्धियों से आगे बढ़कर सृजनकर्ता, नवोन्मेषक और राष्ट्रीय विकास में योगदानकर्ता बनने का आह्वान किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सच्ची सफलता केवल शैक्षणिक उपाधि हासिल करने में नहीं, बल्कि सामाजिक लाभ के लिए ज्ञान के सार्थक उपयोग में निहित है।रक्षा मंत्री ने भारत के भविष्य को आकार देने में कौशल विकास के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि अब हम आप क्या जानते हैं के युग में नहीं हैं, बल्कि दुनिया पूछती है, आप क्या कर सकते हैं इससे स्पष्ट है जो ज्ञान उपयोग में नहीं लाया जा सकता, वह अधूरा है। उन्होंने कहा कि कौशल ही सीखने और काम को अंजाम देने के बीच का सेतु है। राजनाथ सिंह ने प्रौद्योगिकी में विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव का उल्लेख करते हुए इस आशंका को निर्मूल बताया कि इससे नौकरी जाने और मानव श्रम की आवश्यकता समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कभी मानव श्रम की जगह नहीं लेगा, बल्कि जो लोग एआई का उपयोग करते हैं, वे उन लोगों की जगह लेंगे जो इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि तकनीक को मानवीय संवेदनशीलता, मूल्यों और नैतिकता का विकल्प नहीं, बल्कि साधन मात्र बनाए रखना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया और बाहरी दबावों से उत्पन्न चुनौतियों की भी चर्चा की। राजनाथ सिंह ने युवाओं से तुलनाओं में उलझने की बजाय अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के साथ अमृत काल में प्रवेश करने के युग में रक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने जीवन के सबसे निर्णायक दौर में प्रवेश कर रहे हैं और अगले 20 से 25 साल उनके करियर को आकार देने के साथ ही राष्ट्र के भाग्य को भी निर्णायक स्वरूप प्रदान करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी महत्वाकांक्षा को देश में बदलाव का प्रेरक बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्कूल ऑफ डिफेंस एंड एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के अन्य मंत्री और विश्वविद्यालय के कुलपति उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री पहुंचे कुरनूल, श्रीशैलम में भगवान मल्लिकार्जुन का किया पूजन

- प्रधानमंत्री मोदी का आंध्र प्रदेश दौराः एक दिवसीय यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में भागीदारी
- श्रीशैलम मंदिर में पूजा-अर्चनाः भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में रुद्राभिषेक किया
- राज्य के नेताओं ने किया भव्य स्वागतः हवाई अड्डे पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री मौजूद

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह आंध्र प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर कुरनूल पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले श्रीशैलम में स्थित मंदिर में भगवान भ्रामराम्बा व मल्लिकार्जुन के दर्शन कर पूजा अर्चना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 11 बजे करनूल हवाई अड्डे पर पहुंचे।

यहां प्रधानमंत्री का स्वागत राज्यपाल नजीर, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ एक सैन्य हेलीकॉप्टर से श्रीशैलम पहुंचे। यहां श्रीशैलम भ्रामराम्बा गेस्ट हाउस का दौरा किया और थोड़ी देर विश्राम के बाद वे श्री भामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में मल्लिकार्जुन स्वामी की विशेष पूजा-अर्चना की।

मंदिर में पुजारियों और मंदिर के अधिकारियों ने उनका औपचारिक स्वागत किया। मोदी ने भगवान मल्लिकार्जुन का पंचामृत से रुद्राभिषेक किया। यहांपूजा के बाद प्रधानमंत्री शिवाजी प्रेरणा केंद्र का दौरा करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी यहां के बाद कुरनूल जाएंगे। वहां लगभग 13 हजार से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद मोदी एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

मानवाधिकार केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक अनिवार्यता हैं

# मानवाधिकार संरक्षण केवल कानूनी दायित्व नहीं, नैतिक और आध्यात्मिक अनिवार्यता भी : कोविंद

- वेद, उपनिषद और पुराणों में निहित है मानवता की एकता का संदेश
- धर्म, करुणा और न्यायः भारतीय समाज की आधारशिला
- कोविंद ने बताया कैसे आध्यात्मिकता आज भी दिखाती है मानवीय मूल्यों का मार्ग
- तेजी से बदलती दुनिया में मानवाधिकारों की नई चुनौतियों पर चेताया

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुवार को कहा कि हमारे वेद, उपनिषद, पुराण और शास्त्रों में मानवता की एकता और प्रत्येक जीवन की पवित्रता की जो शिक्षाएं निहित हैं, वे आधुनिक मानवाधिकारों की अवधारणाओं से कहीं पहले से भारतीय सभ्यता का मार्गदर्शन करती रही हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा केवल एक कानूनी दायित्व नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक और नैतिक अनिवार्यता है, जो भारतीय जीवनशैली का अभिन्न अंग है। कोविंद ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 32वें स्थापना दिवस तथा जेल में बंद बंदियों के अधिकारों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म का पालन, करुणा के साथ आचरण और न्याय की स्थापना की प्रेरणा आज भी हमें मानवीय मूल्यों पर आधारित समाज की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती है। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं आंका जा सकता, बल्कि इस बात से मापा जाना चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों की गरिमा और कल्याण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है। तेजी से हो रहे तकनीकी और पर्यावरणीय बदलाव मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां उत्पन्न कर रहे हैं, विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और जलवायु परिवर्तन के कारण विस्थापन झेल रहे लोगों के लिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास को मानवीय गरिमा के साथ संतुलित करना आवश्यक है और जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण की चिंता नहीं, बल्कि यह मानवाधिकारों से जुड़ा एक गंभीर विषय बन चुका है।

भारत ने एक मजबूत संवैधानिक और संस्थागत ढांचा तैयार किया है, लेकिन सच्ची प्रगति करुणा और समावेशन पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था उन लाखों नागरिकों की आवाज बनकर उभरी है जो अपने अधिकारों की रक्षा की आशा रखते हैं। आयोग समाज के सबसे वंचित वर्गों को यह विश्वास दिलाता है कि उनकी शिकायतें सुनी जाएंगी, उनकी गरिमा का सम्मान होगा और उनके अधिकारों की रक्षा की जाएगी।कोविंद ने कहा कि हिरासत में बंद व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा या अमानवीय व्यवहार हमारे संवैधानिक और नैतिक मूल्यों के विरुद्ध है।

# राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर तक बढ़ाई ‘सहकार सदस्यता अभियान’ की अवधि

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि ‘सहकार सदस्यता अभियान’ के अंतर्गत प्राप्त हुए बेहतर परिणामों के दृष्टिगत राज्य सरकार ने अभियान की अवधि 22 अक्टूबर, 2025 तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि 18 एवं 20 अक्टूबर के अवकाश को छोड़कर शेष दिवसों में पैक्स में शिविर लगाए जा सकेंगे।

**अब तक लगभग 8,500 पैक्स के स्तर पर हुआ शिविरों का आयोजन 8.71 लाख से अधिक नए सदस्य बने, 1,688 ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन के लिए सर्वे की कार्यवाही पूर्ण 1,340 सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण के लिए हुआ भूमि का चिन्हीकरण**

पूर्व में अभियान की अवधि 2 से 15 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी। दक ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अब तक लगभग 8,500 पैक्स के स्तर पर शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है।

इस दौरान प्रमुख रूप से 5 प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर उनमें आशानुरूप परिणाम प्राप्त किये गए। उन्होंने बताया कि युवाओं एवं महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सहकारिता से जोड़ना अभियान के अंतर्गत सबसे प्रमुख गतिविधि है।

इस दिशा में बेहतरीन कार्य करते हुए अब तक 8.71 लाख से अधिक नए सदस्य बनाए जा चुके हैं। इसी प्रकार, पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में नवीन पैक्स गठन की कार्यवाही के तहत 1,688 ग्राम पंचायतों में सर्वे की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।

इनमें से 1,288 पैक्स हेतु जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित हो चुकी है। जबकि, 1208 पैक्स के गठन हेतु प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हो चुके हैं। सहकारिता मंत्री ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अब तक भूमिविहीन या अपर्याप्त भूमि वाली 1,340 सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण हेतु भूमि का चिन्हीकरण किया गया है तथा 1,213 सहकारी समितियों द्वारा भूमि आवंटन के लिए आवेदन किया गया है।

# अंता विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव-2025 के लिए सूखा दिवस घोषित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य सरकार ने आदेश जारी कर बारां जिले के विधानसभा क्षेत्र अंता में नवम्बर माह में होने वाले उपचुनाव के तहत मतदान तथा मतगणना दिवस पर सूखा दिवस घोषित किया है। अंता विधानसभा क्षेत्र में 11 नवम्बर 2025 को मतदान तथा 14 नवम्बर 2025 को मतगणना का निर्णय लिया गया है। संयुक्त शासन सचिव वित्त विभाग वरुण मिश्रा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अंता एवं इस निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से तीन किलोमीटर की परिधि में मतदान समाप्ति से पूर्व के 48 घंटे यानी 9 नवम्बर 2025 की शाम 6बजे से 11 नवम्बर 2025 को मतदान समाप्ति (शाम 6 बजे) तक ‘सूखा दिवस’ घोषित किया है। इसी प्रकार,मतगणना दिवस 14 नवम्बर 2025 को जिला मुख्यालय बारां की नगरपालिका/नगर परिषद क्षेत्र में सूखा दिवस घोषित किया गया है। पुनर्मतदान होने की स्थिति में पुनर्मतदान के दिन मतदान समाप्ति तक संबंधित मतदान केंद्रों के क्षेत्र में सूखा दिवस रहेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

# राज्यपाल से उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड ने की मुलाकात



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने राजभवन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर राज्यपाल से चर्चा की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# जयपुर जिले में 60 दिवसीय टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन - 3.0 में होंगी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 की 60 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत जयपुर जिले में तम्बाकू निषेध के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर (प्रथम) डॉ. रवि शेखावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर (द्वितीय) डॉ. मनीष मित्तल ने मीडिया को बताया कि कैम्पेन आगामी 08 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा।टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 की 60 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत जिले में अन्य तम्बाकू निषेध गतिविधियों के साथ ही जन-जागरुकता कैम्पेन का आयोजन किया जाएगा। इसमे कोटपा एक्ट के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंधित स्थानों पर तम्बाकू का विक्रय-सेवन पर रोक लगाने के लिए चालान की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही सामुदायिक स्तर पर इसके प्रति जन-जागरुकता विकसित करने संबंधित विविध गतिविधियां संचालित की जाएंगी।उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में स्कूलों, ग्राम पंचायत भवनों, शैक्षणिक- चिकित्सा संस्थानों इत्यादि को तम्बाकू मुक्त करने के लिये निर्धारित किये गये मापदण्डों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। कोटपा उल्लंघन पर चालान कार्यवाही, ग्राम, ब्लॉक व जिला स्तर पर विद्यार्थियों की वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन, नारा लेखन, जिला व ब्लॉक स्तर पर रैलियों का आयोजन कर तम्बाकू के दुर्व्यसन के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा।

# दिवाली से पूर्व स्वायत्त शासन विभाग करवाएगा सभी दमकल दलों का सर्वे - रवि जैन ने दिए सख्त निर्देश, 3 दिन में पूरी हो जांच प्रक्रिया

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य सरकार ने आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए दीपावली के अवसर पर स्वायत्त शासन विभाग ने प्रदेशभर में संचालित सभी दमकल दलों का व्यापक सर्वे करवाने के निर्देश जारी किए हैं। शासन सचिव रवि जैन ने इस संबंध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आगामी तीन दिनों के भीतर सभी नगरीय निकाय अपने-अपने क्षेत्र के दमकल दलों की स्थिति का संपूर्ण मूल्यांकन करें। उन्होंने कहा कि सर्वे के अंतर्गत दमकल वाहनों की तकनीकी स्थिति, मशीनों की कार्यक्षमता, मैनपावर की उपलब्धता, आपदा के दौरान प्रतिक्रिया समय, पानी की आपूर्ति व्यवस्था, तथा सुरक्षा उपकरणों की स्थिति का विशेष रूप से परीक्षण किया जाए। जैन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फायर सर्विसेज की तत्परता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी कमी या तकनीकी समस्या पाई जाए, उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# विलायती बबूल के राज्यव्यापी उन्मूलन की तैयारी में राज्य सरकार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




राज्यभर से विलायती बबूल (प्रोसोपिस जुलिफोरा) के संपूर्ण उन्मूलन के लिए राज्य सरकार ने व्यापक कार्ययोजना की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में आज सचिवालय स्थित पंचायती राज सभागार में पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी भी शामिल रहे। दिलावर ने जोधपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश से विलायती बबूल के प्रभावी और स्थायी उन्मूलन के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। वन एवं राजस्व विभागों द्वारा एक स्पष्ट एवं पारदर्शी दिशा-निर्देश जारी होने के बाद प्रदेश के प्रत्येक गांव में अभियान के रूप में विलायती बबूल के उन्मूलन का कार्य निर्बाध रूप से प्रारंभ किया जाएगा।उन्होंने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक आदेश शीघ्र जारी किया जाए ताकि इस पौधे की कटाई के लिए बार-बार अनुमति लेने की आवश्यकता समाप्त हो तथा किसी प्रकार की वैधानिक बाधा न उत्पन्न हो। दिलावर ने बताया कि विलायती बबूल एक आक्रामक विदेशी प्रजाति है, जो प्रदेश की ग्रामीण भूमि, चारागाहों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। इसकी गहरी जड़ें (लगभग 30 फीट तक) और अत्यधिक जल सोखने की क्षमता (15 मीटर तक) भूजल स्तर में गिरावट और मृदा की उर्वरता में कमी का कारण बन रही हैं।

# राजस्थान के बालोतरा में सड़क हादसा, चार दोस्तों की मौत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बालोतरा जिले में सिणधरी थाना क्षेत्र के सड़ा गांव में मेगा हाइवे पर हुए सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक युवक की हालत गंभीर है। यह हादसा बुधवार आधीरात बाद करीब 1-30 बजे हुआ। यह हादसा ट्रेलर और स्कॉर्पियो में टक्कर से हुआ। दोनों वाहनों में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग की लपटों से घिरी स्कॉर्पियो में सवार युवकों को बाहर निकालने की कोशिश की पर कामयाब नहीं हो पाए। हाइवे पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस और दमकल टीम के पहुंचने के बाद दोनों वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया।

# निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के हम्पी में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की

- कार्यक्रम में पीएमआईएस के माध्यम से युवाओं में बदलाव की सफलता की कहानियां साझा की गईं
- निर्मला सीतारमण ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके समर्पण को सराहा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने 15 अक्टूबर, 2025 को कर्नाटक के हम्पी में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की। इस सत्र में इंफोसिस, एमएसपीएल, आईबीएम, टीसीएस, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स, एचएएल, एनएमडीसी और हनीवेल टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस सहित प्रमुख भागीदार कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ पूरे कर्नाटक से 60 से अधिक प्रशिक्षु एक साथ आए। बातचीत के दौरान निर्मला सीतारमण ने प्रशिक्षुओं से बातचीत की और पीएमआईएस के तहत उनके अनुभव और आकांक्षाओं को सुना। उन्होंने प्रशिक्षुओं से पूछा कि इस योजना में शामिल होने के लिए उन्हें किस बात ने प्रेरित किया। इंटर्नशिप के दौरान प्रशिक्षुओं के सीखने और कौशल विकास के उनके अनुभव पर भी चर्चा की गई।

पीएमआईएस प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने प्रशिक्षुओं को उनके पेशेवर सफ़र के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया।इसके अलावा, अपनी इंटर्नशिप के दौरान असाधारण प्रदर्शन करने वाले कुछ प्रशिक्षुओं को उनकी संबंधित कंपनियों द्वारा पूर्णकालिक पदों पर नियुक्त किया जा चुका है।

भूपेंद्र यादव ने दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में जी-20 पर्यावरण मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया

# ज्ञान साझाकरण, क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी सह-विकास और हस्तांतरण स्थिरता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे : भूपेंद्र यादव

- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का जी-20 सम्मेलन में संबोधन
- दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में पर्यावरण मंत्रियों की बैठक में भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत
- विश्व के साझा और न्यायपूर्ण विकास का किया आह्वान
- पेरिस समझौते की उपलब्धियों पर जताया संतोष
- भारत ने समय से पहले लक्ष्यों को हासिल करने का उदाहरण प्रस्तुत किया
- जी-20 को बताया क्रियान्वयन और महत्वाकांक्षा के बीच सेतु
- हर राष्ट्र के योगदान और क्षमताओं के सम्मान की बात



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजित जी-20 पर्यावरण मंत्रियों की बैठक में एकजुटता, समानता और स्थिरता विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए दक्षिण अफ्रीकी गणराय का आभार जताया। मंत्री महोदय ने प्रतिनिधियों से एक ऐसे विश्व के निर्माण के मार्ग पर चलने का आह्वान किया जो उद्देश्य में एकजुट हो, अधिकारों और संसाधनों में समान हो और पूरी पृथ्वी के लिए मिलकर काम करने में विश्वास करते हों।

यादव ने अपने संबोधन में इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पेरिस समझौते के 10 वर्ष पूरे होने पर सभी देश अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) निर्धारित करने, उनके लिए काम करने के लिए एक साथ आए और कई मामलों में भारत की तरह निर्धारित समय-सीमा से पहले ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना शुरू कर दिया हो। मंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कि भारत हमेशा समाधान का एक हिस्सा है।

उन्होंने आग्रह किया कि जी-20 को महत्वाकांक्षा और कार्यान्वयन के बीच एक सेतु का काम करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक राष्ट्र के योगदान का सम्मान हो और प्रत्येक राष्ट्र की क्षमता में वृद्धि हो। उन्होंने कहा, हमें साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों और समान क्षमताओं के सिद्धांतों की पुष्टि करनी चाहिए।

महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए विकासशील देशों को वित्त प्रदान करना एक वादे के बजाय उसका एक कर्तव्य के रूप में पालन किया जाना चाहिए, क्योंकि समानता कोई विशेषाधिकार नहीं- बल्कि एक अधिकार है।

यादव ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल जी-20 शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में बुनियादी बातों की ओर लौटने की प्रासंगिकता और इसे भविष्य की ओर हमारी यात्रा के साथ एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने कहा, एक स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र-आधारित समाधानों और भविष्योन्मुखी तकनीकों का समन्वय ज़रूरी है। ज्ञान साझाकरण, क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी का सह-विकास स्थिरता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यादव ने समग्र समाज दृष्टिकोण की वकालत की और कहा कि सार्थक एवं ठोस परिणाम प्राप्त करने के लिए व्यक्तियों के पृथ्वी-समर्थक जीवनशैली विकल्प सबसे अधिक प्रासंगिक होंगे। उन्होंने अंत में कहा, हम दक्षिण अफ्रीकी प्रेसीडेंसी द्वारा प्रस्तावित जन-केंद्रित, समग्र, एकीकृत और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हैं ।और उसका पूर्ण समर्थन करते हैं।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYk